संक्षिप्त

जिला स्तरीय बैठक 26 को

दौसा। अग्रणी जिला प्रबन्धक पी सी बोरोना ने बताया कि राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति जयपुर के निर्देशों की पालना में जिले के किसानों को डेयरी पशुपलान एवं मतस्य पालन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड जारी कराये जाये जिसके लिये जिला स्तर पर केसीसी प्रेषित की गई हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उचित तालमेल व त्वरित कार्यवाही हेतु जिले के समस्त जिला समन्वयक बैंक अधिकारियों एवं पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के नोडल अधिकारियों की एक विशेष जिला स्तरीय मीटिंग का आयोजन 26 नवम्बर को अपरान्ह 4 बजे जिला कलक्टर पीयुष समारिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की जावेगी। बैठक में समस्त सदस्य निर्धारित समय पर उपिस्थत होना सुनिश्तच करें।

मंत्री ममता भूपेश आज बालाजी में

दौसा। महिला एवं बाल विकास ,बाल अधिकारिता एवं आयोजना विभाग मंत्री ममता भूपेश 25 नवम्बर को मेहंदीपुर बालाजी पहुंचेगी। महिला एवं बाल विकास मंत्री के निजी सहायक नरसी लाल ने बताया कि मंत्री ममता भूपेश 25 नवम्बर को प्रात: 9 बजे जयपुर से रवाना होकर दोहपर 1.30 बजे मेहन्दीपुर बालाजी में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग भाग लेगी। इसके पश्चात सांय 5 बजे मेहन्दीपुर बालाजी से जयपुर के लिए रवाना होगी।

खेल मैदान से अतिक्रमण हटाया

मालपुरा, (निसं)। राउमावि कुराड विद्यालय के खेल मैदान पर हुए अतिक्रमणों पर ठोस कार्यवाही करते हुए पंचायत प्रशासन ने बुधवार को 8 बीघा स्कूल खेल मैदान से कच्चे-पक्के अतिक्रमण हटाये गये। युवा समाजसेवी नरसिंह राठोड ने बताया कि बुधवार को पंचायत सरपंच बदाम देवी जांगिड, प्रधानाध्यापक ईश्वर मल, पटवारी जयराम जाट, विक्रम सिंह, ब्रजराज आदि की मौजूदगी मे जेसीबी मशीन से अतिक्रमण ध्वस्त कर 8 बीघा खेल मैदान को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त किया

किशनगढ बास, (निसं)। नगर पालिका के वार्ड नंबर 6 में 2 दिन से चल रही पेयजल किल्लत के चलते वार्ड वासी पार्षद मनीष लखयाणी से मिले और पेयजल समस्या से अवगत कराया। पार्षद मनीष लखयाणी ने बताया कि वार्ड वासियों की समस्या को देखते हुए एनसीआर पेयजल अभियंता को शिकायत की। पार्षद की शिकायत पर पहुंचे एनसीआर कर्मचारियों ने पेयजल लाइन को देखा और फ्लोराइड से जाम होने पर उसे दुरुस्त कर पेयजल समस्या का समाधान किया।

अतिक्रमण हटाने की मांग

बोराज, (निसं)। ग्राम बोराज में बोबास बेगस सड़क मार्ग तिराहे पर रैगर समाज की सार्वजनिक आबादी भूमी पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाने को लेकर पंचायत भवन में सरपंच सुरेन्द्र सिंह मीणा को रैगर समाज के लोगों ने एक जुट होकर सैकडों लोगों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन दिया गया।

पूर्व सह सचिव को मातृ शोक

सांभरझील। बार एसोसिएशन सांभर के पूर्व सह सचिव एडवोकेट तेजपाल कुमार प्रजापत की माता नारायणीदेवी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन कर उन्हें पुष्पाजंलि अर्पिल की गयी।

सांभर में पक्षियों की मौत के आंकड़ों में कमी आयी, एक कौवा व एक मैना के शव मिले

सांभरझील, (निसं)। सांभर में पिछले दिनों से कोवों व अन्य प्रजातियों के परिंदों की बर्ड फ्लू से हो रही मौतों के आंकड़ों में कमी आने के बाद वन व पशुपालन विभाग की टीमों ने राहत की सांस ली है।

बुधवार को दोनों विभागों की टीमों व वल्ड लाईफ क्रिएचर आर्गेनाइजेशन की ओर से दिनभर चले सर्च ऑपरेशन अभियान सांभर में कॉमन मैना व एक कौवे का ही शव मिला तथा एक बीमार कोवे का भी रेस्क्यू कर उसका वन विभाग की काचरोदा स्थित नर्सरी में इलाज किया जा रहा है। जानकारी में आया है कि अभी तक जितने भी पक्षी बर्ड फ्लू से बीमार थे उनमें से इलाज के दौरान किसी को भी नहीं बचाया जा सका है।

सूत्रों से हवाले से बताया जा रहा है कि वन विभाग की ओर से झील परिक्षेत्र में भी लगातार खोजबीन का काम किया जा रहा है तथा बनायी गयी निगरानी चौकी पर तैनात स्टाफ को किसी भी प्रकार से कौताही नहीं बरतने के निर्देश दिये जा चुके हैं। वन विभाग के उप वन संरक्षक वीरसिंह ओला ने भी इस बात की पुष्टि करते हुये बताया कि इसके लिये नये सिरे से जो गाइड लाइन तैयार हुयी है उसकी अक्षरश: पालना हो इस बात का खास ख्याल रखा जा रहा है।

बीमार पक्षियों का इलाज करने व मृत परिदों के शवों को दफनाने के दौरान बरती जाने वाली सावधानी के लिये भी निर्देश प्रदान किये जा चुके हैं। बताया जा रहा है कि पशुपालन विभाग की ओर से ब्लड फ्लू से ग्रसित पक्षियों की पहचान के लिये स्टाफ को पूरी तरह से सतर्क कर दिया गया है, बीमार पक्षियों के इलाज के लिये सांभर में तैनात टीमों को जरूरी दवाओं व आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध करवाये गये हैं।

सांभर में कॉलेज रोड पर कॉमन मैना का शव मिला।

- वन व पशुपालन विभाग की टीम का सर्च ऑपरेशन जारी

इसी संदर्भ में जयपुर में जिला कलक्टर की ओर से आयोजित बैठक में बर्ड फ्लू के वायरस को इंसानों में फैलने की संभावना को देखते हुये स्वास्थ्य विभाग को पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश प्रदान किये गये हैं, उनकी ओर से वन व पशुपालन विभाग के अधिकारियों से सांभर में बर्ड फ्लू से पक्षियों की हुयी मौतों के बारे में फीड बैक लिया गया।

इसी क्रम में नगरपालिका सांभर के अधिशाषी अधिकारी शिवराज कृष्णा की ओर से सफाईकार्मिकों को डम्पिंग यार्ड के अलावा उन तमाम जगहों पर फोंगिंग करने के निर्देश प्रदान किये जहां पर अभी तक पक्षियों के शव बरामद हुये है।

दौसा कलेक्टर को हाईकोर्ट ने जमानती वारंट से तलब किया

जयपुर, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अतिक्रमण हटाने से जुड़े मामले में दायर अवमानना याचिका में नोटिस तामील होने के बावजूद भी पक्ष नहीं रखने पर दौसा कलेक्टर के खिलाफ 25 हजार रुपए के जमानती वारंट जारी कर उन्हें 15 दिसंबर को पेश होने के आदेश दिए हैं। न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव और न्यायाधीश विनोद कुमार भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश गिर्राज प्रसाद वर्मा की अवमानना याचिका पर दिए।याचिका में अधिवक्ता मिर्जा फैसल बेग ने बताया कि दौसा के बिशनपुरा गांव से श्मशान जाने वाले रास्ते में अतिक्रमण को लेकर पूर्व में जनहित याचिका दायर की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए गत मार्च माह में खंडपीठ ने दौसा कलेक्टर को अतिक्रमण हटाने और याचिकाकर्ता का अभ्यावेदन तय करने को कहा था। इसके बावजूद कलेक्टर ने न तो अतिक्रमण हटाया और ना ही याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन को तय किया। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से अवमानना याचिका पेश की गई। जिसमें नोटिस जारी होने के बाद कलेक्टर पर तामील भी हो गई, लेकिन ना कलेक्टर पेश हुए और ना ही उनकी ओर से कोई अधिवक्ता पेश हुआ।

सार-समाचार

आग लगने से दो छप्पर जले

नारायणपुर, (निसं)। ग्राम पंचायत विजयपुरा के गांव लीलामंढा की बढ की ढाणी में बुधवार दोपहर शॉर्ट सर्किट से आग लगने से 2 कच्चे छप्पर जलकर राख हो गये। जानकारी के अनुसार दोपहर के समय ग्राम लीलामंढा की बढ की ढाणी निवासी ज्ञानचंद पुत्र मंगतराम जाति जोगी के अचानक शॉर्ट सर्किट होने से कच्चे घरो में आग लगने से आसपास क्षेत्र के लोगों में अफरा तफरी मच गई। कच्चे छप्पर में लगी आग पर महिला, पुरुष, बच्चों ने करीब 1 घंटे की कडी मशक्कत के बाद पानी व रेत डालकर कर आग पर काबू पाया। आग से अनाज, चारा, कपडा, चारपाई, अन्य घरेलु सामान सहित खाने-पीने का सामान जलकर राख हो गया। सरपंच मोहन लाल वर्मा मौके पर पहुंचकर पुलिस प्रशासन, पटवारी व बिजली विभाग के अधिकारीयों को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस प्रशासन व पटवारी घटना स्थल पहुंचकर मौका मुआयना किया। पटवारी नवीन कुमार खजोतिया की मौका रिपोर्ट के अनुसार आग से करीब 63 हजार पांच सौ का नुकसान आँका गया है। इसके बाद पीडित परिवार ने सरपंच के साथ थाने पहुंचकर आग से हुए नुकसान की रिपोर्ट नारायणपुर थाने में दर्ज कराई है।

अवैध हथियार सहित दो जने गिरफ्तार

दौसा, (निसं)। महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रैंज जयपुर संजय क्षोत्रिय आईपीएस व जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनिवाल आईपीएस के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लालचन्द कायल आरपीएस व वृत्ताधिकारी दौसा दीपक कुमार शर्मा आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में डीएसटी दौसा व थाना सैथल द्वारा अजित बडसरा उपनिरीक्षक के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुये एक देशी कट्टे व दो जिन्दा कारतूस सहित दो मुल्जिम गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। अवैध हथियारों के खिलाफ कार्यवाही करने के क्रम में मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर जिला स्पेशल टीम दौसा व सैथल थाना की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुये स्वीफट डिजायर कार में सवार दो मुलजिमों विमल मीना उर्फ बिटटू पुत्र मस्तराम मीना, रिंकु कुमार पुत्र हरकेश जाति मीना को गिरफतार करने मे सफलता प्राप्त की जिनके पास एक देशी कट्टा व दो जिन्दा कारतूस पुलिस द्वारा बरामद किये गये। उक्त मुलजिमो के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

जुआ खेलते पांच जने गिरफ्तार

पावटा। जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण मनीष अग्रवाल द्वितीय के द्वारा जयपुर ग्रामीण में चलाए जा रहे अवैध जुआ, सट्टा के विरुद्ध अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली रामकुमार कस्वां, वृत्ताधिकारी कोटपुतली दिनेश यादव के निकटतम सुपरविजन व प्रागपुरा थाना प्रभारी शिव शंकर चतुर्वेदी के नेतृत्व में टीम का गठन कर गठित टीम द्वारा इलाकों में गहनता पूर्वक जुआरियों के ठिकानों का पता लगाकर मुखबीर मामूर कर बारीकी से सूचनाओं का संकलन किया गया। वही प्राप्त सूचना के आधार पर थाना प्रागपुरा अंतर्गत ग्राम पाछुडाला से मुल्जिम महेंद्र शर्मा पुत्र जगदीश प्रसाद जाति ब्राह्मण निवासी वार्ड नंबर 14 प्रागपुरा, महेंद्र सैनी पुत्र भूलाराम सैनी जाति माली निवासी वार्ड नंबर 19 प्रागपुरा, संजू शर्मा पुत्र दीनदयाल शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी पाछुडाला, इंद्राज जाट पुत्र मिठूराम जाति जाट उम्र 40 वर्ष निवासी सुंदराला तन पाछुडाला को पाछुडाला बस स्टैंड पर ताश के पत्तों पर 8 हजार 230 रुपए दाव लगाकर जुआ खेलते हुए गिरतार किया जाकर मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

इनकम टैक्स जांच टीम ने एक व्यापारी के ठिकानों पर छानबीन की

देवली, (निसं)। प्रदेश की इनकम टैक्स जांच टीम के यहां आने की सूचना शहर में आग की तरह फैल गई और इनकम टैक्स अधिकारियों के यहां आने पर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

- लेकिन टीम ने आने की सूचना एवं की गई छानबीन गुप्त बनाए रखी

यहां लोगों में दिनभर यह चर्चा रही कि मंगलवार को आयकर विभाग की टीम ने एक परचून एवं स्टोन व्यापारी के ठिकानों पर किन मामलों में छानबीन शुरू कर दी है। लेकिन यहां पहुंची आयकर विभाग की जांच टीम ने अपने यहां आने की सूचना एवं कि गई छानबीन की जानकारी गुप्त बनाए रखें रखी। परचून एवं स्टोन व्यापारी के ठिकानों पर क्या कार्रवाई हुई यह सवाल दिन भर लोगों के बीच चलता रहा।

इन्हीं सवालों के बीच जब मीडिया ने यहां पहुंचे आयकर विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने की पुरजोर कोशिश की परंतु नाकाम रहे ऐसे में इनकम टैक्स अधिकारियों द्वारा यहां व्यापारी के ठिकानों पर गुप्त रूप से कार्रवाई होती रही तो वही विभागीय अधिकारियों ने व्यापारी के यहां क्या कार्रवाई की यह खुलासा नहीं किया। आयकर विभाग के अधिकारियों ने अपने यहां आने की सूचना से मीडिया को वंचित रखा तो वहीं लोगों के बीच यह भी चर्चा रही कि आखिरकार इनकम टैक्स अधिकारी व्यापारी के ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई को सार्वजनिक क्यों नहीं कर रहे है।

इसको लेकर उल्लेखनीय है कि बुधवार को प्रदेश के एक मुख्य समाचार पत्र ने प्रदेश की राजधानी जयपुर शहर में आयकर विभाग द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर समाचार प्रकाशित किया जिसमें प्रकाशित यह भी हुआ कि देवली शहर से भी उक्त कार्रवाई के तार जुड़े हुए हैं। ऐसे में मंगलवार को उक्त मामले से संबंधित छानबीन दौरान आयकर विभाग के अधिकारियों ने यहां पहुंचकर देवली शहर के एक व्यापारी के यहां छानबीन तो की परंतु इनके द्वारा क्या कार्रवाई कि यह खुलासा नहीं हुआ और उक्त मामला सवालिया निशान बन कर रह गया।

चिकित्सा के क्षेत्र में प्रदेश को एक मॉडल बनाया जाएगा : परसादी

लालसोट, (निसं)। मंत्रिमंडल फेरबदल विस्तार के बाद स्थानीय विधायक परसादी लाल मीणा को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग व आबकारी जैसे बड़े विभाग का प्रभार देने को लेकर लालसोट विधानसभा क्षेत्र वासियों द्वारा खुशी जाहिर कर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री के पदभार ग्रहण समारोह के दौरान लोगों द्वारा मंत्री मीणा का भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया।

इस दौरान लालसोट विधायक एवं प्रदेश के नवनियुक्त चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व आबकारी मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेश को एक मॉडल बनाया जाएगा। मीणा ने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में पूरे प्रदेश में उप स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिला चिकित्सालय सहित बड़े स्तर के चिकित्सालयों में और ज्यादा चिकित्सा संसाधन उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे। मीणा ने कहा कि प्रदेश में कोविड की स्थिति नियंत्रित है वहीं इससे बचाव के लिए हो रहे टीकाकरण का लक्ष्य शत प्रतिशत अर्जित करने पर फोकस किया जाएगा। इस दौरान पुर्व पीसीसी सचिव कमल मीणा, पूर्व पालिका अध्यक्ष खादी ग्राम उद्योग समिति के अध्यक्ष दिनेश मिश्र, पीसीसी सदस्य रामविलास खेमावास, आबकारी आयुक्त जोगाराम जांगिड, सीए बृजेश बजाज, इन्दरराज कोठी वाली ढाणी, मनीष बोरदी, बीपीएल से समायोजित एनएचएम कार्मिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी, सहव्रत पार्षद सिराज मोहम्मद, पूर्व सरपंच कंवरपाल मीणा, नीरज जोरवाल, मंत्री के विशिष्ट सचिव बचनेश अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा का कार्य ग्रहण पर लालसोट विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने स्वागत किया।

मालपुरा नगरपालिका ने एक दिन में 151 पट्टे वितरण का रिकॉर्ड बनाया

मालपुरा, (निसं)। नगरपालिका सभागार में बुधवार को आयोजित पट्टा वितरण समारोह में विधायक कन्हैयालाल चौधरी, एसडीएम आरके वर्मा, पालिका सोनिया मनीष सोनी, उपाध्यक्ष पवन कुमार मैन्दवास्या व पालिका ईओ नवरतन शर्मा ने एक दिन में 151 पट्टो का वितरण कर अजमेर संभाग में अभियान के दौरान पट्टा वितरण का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

- पालिका को 12 लाख 58 हजार की राजस्व आय हुई

गांधी जयंती से शुरू हुए प्रशासन शहरो के संग अभियान में शहरवासियों को ज्यादा से ज्यादा पट्टा वितरण को प्राथमिकता देते हुए पालिका ईओ नवरतन शर्मा ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी व पार्षदों सहित टीम के साथ डोर टू डोर वार्डों में पहुंच आवेदन की गई पत्रावलियों के भौतिक सत्यापन कर अन्य नागरिकों को अपने आवास व व्यवसायिक प्रतिष्ठान के स्टेट ग्रान्ट के पट्टे लेने हेतु अभियान में राज्य सरकार व स्वायत शासन विभाग द्वारा दी गई छूट तथा सरल की गई पट्टा आवेदन पत्रावलियों नियमों की जानकारी दे महज एक पखवाडे में 151 पट्टे नागरिकों को आवेदन प्राप्त कर पट्टे तैयार किये। बुधवार को आयोजित समारोह में अतिथियों ने 93 स्टेट ग्रान्ट के तथा 6 पट्टे 69ए एवं 48 पट्टे कृषि भूमि तथा 4 नामान्तरण सहित कुल 151 पट्टों का एक दिन में वितरण किया गया। ईओ नवरतन शर्मा ने बताया कि 151 पत्रावलियों के आवेदन से पालिका को 12 लाख 58 हजार की आय प्राप्त हुई है। ईओ ने बताया कि जल्द एम्पावर्ड कमेठी की बैठक बुला एक पखवाडे के भीतर इससे भी अधिक पट्टे वितरण की योजना तैयार की जा रही है।

विधायक चौधरी ने कहा कि किसी भी व्यापार के लिए बैंक लॉन लेने मे भूखण्ड अथवा व्यवसाय प्रतिष्ठान का पट्टा पहला दस्तावेज होता है। जिसे अभियान मे आसानी से प्राप्त करे। अध्यक्ष सोनिया सोनी व पालिका उपाध्यक्ष पवन मैन्दवास्या ने मौजूद शहरवासियो से मुखाबित हो अभियान के दौरान ज्यादा से ज्यादा पट्टे ले अभियान का लाभ लेने तथा अपनी सम्पति के मूल दस्तावेज तैयार करने की अपील की।

मालपुरा नगरपालिका में विधायक व एसडीएम के आतिथ्य में पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व ईओ ने 151 पट्टे वितरण किये।

जिला कारागृह का निरीक्षण कर बंदियों की समस्याएं जानी

टोंक, (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शर्मा एवं कार्यवाहक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट टोंक सरोज मीना द्वारा जिला कारागृह टोंक का मासिक निरीक्षण कर सम्पूर्ण व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों की समस्याओं को सुना गया व मौके पर ही अधीक्षक को उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया।

न्यायाधीश द्वारा निरीक्षण के दौरान बंदियों को कारागृह में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं व बंदियों से उनके मुकदमों की स्थिति एवं अधिवक्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा जेल में भोजन की गुणवता को भी देखा गया। बंदियों द्वारा अधिवक्ता न कर पाने की स्थिति में निशुल्क विधिक सहायता के तहत प्राधिकरण द्वारा अधिवक्ता उपलब्ध करवाने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई तथा जिन बंदियों के पास पैरवी हेतु अधिवक्ता उपलब्ध नहीं है उनके निशुल्क विधिक सहायता हेतु आवेदन पत्र भरवाने हेतु निर्देष प्रदान किये गये। न्यायाधीश द्वारा जेल परिसर की साफ सफाई, भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्था, विधिक सेवा क्लिनिक, महिला एवं पुरूष बैरक, परिसर, लाईब्रेरी, विडियॉ कॉन्फ्रेन्सिंग रूम का भी निरीक्षण किया गया एवं बंदियों को उपलब्ध करवाई जाने वाली दैनिक एवं मासिक पत्रिका, टी.वी., सी.सी.टी.वी. कैमरा, लाईब्रेरी, जेल मैन्यूअल, बंदियों के लिए शिक्षा एवं साक्षरता, स्वास्थ्य, नेटवर्क जैमर, स्टाफ, संधारित किये।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 125/2021

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री सुरेश शर्मा पुत्र महन्त श्री घनश्याम शर्मा निवासी गाम चतरपुरा उर्फलाल्या का बास पटवार हल्का महापुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत मंदिर श्री मुरलीमनोहर जी ग्राम चतरपुरा उर्फ लाल्या का बास पटवार हल्का महापुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 22.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 31.1.2022

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

कार्यालय जिला परिषद (पंचायत प्रकोष्ठ) दौसा

क्रमांक-जिपदौ/स्टोर/2021-22/3681-83 दिनांक-24/11/2021

संशोधित निविदा बोली बिड आमंत्रण सूचना 2021-22

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद कार्यालय में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वर्ष 2021-22 हेतु नियमानुसार निविदाएं बंद लिफाफों में आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/व्यक्ति वित्त विभाग के आदेश क्रमांक दिनांक 30.04.2020 में वर्णित शर्तनुसार अपनी निविदाएं निर्धारित दिनांक तक मय धरोहर राशि मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद दौसा के नाम डी.डी. सहित जमा करा सकते है।

सेवा/ठेका का विवरण	अनु. राशि (लाखों में)	धरोहर राशि रू.	निविदा विक्रय की दिनांक व समय	निविदा प्रपत्र एवं डीडी/बैंक जमा जमा करने का अंतिम दिनांक व समय	निविदा खोलने की दिनांक एवं समय
जिला परिषद कार्यालय परिसर सफाई व्यवस्था	180000	3600-	02.12.2021 प्रातः 11 बजे	दिनांक 03.12.2021 दोपहर 02 बजे तकं	दिनांक 03.12.2021 दोपहर 03 बजे
जिला परिषद कार्यालय कम्प्यूटर ऑपरेटर 02 विद मशीन	280000	5600/-	02.12.2021 प्रातः 11 बजे	दिनांक 03.12.2021 दोपहर 02 बजे तक	दिनांक 03.12.2021 दोपहर 03 बजे
जिला परिषद कार्यालय रात्री कालीन चौकीदार	90000	1800/-	02.12.2021 प्रातः 11 बजे	दिनांक 03.12.2021 दोपहर 02 बजे तक	दिनांक 03.12.2021 दोपहर 03 बजे
जिला परिषद वाहन चालक कार्य	130000	2600/-	02.12.2021 प्रातः 11 बजे	दिनांक 03.12.2021 दोपहर 02 बजे तक	दिनांक 03.12.2021 दोपहर 03 बजे

1. फार्म शुल्क 500/- रूपये होगे।
2. अन्य जानकारी एवं निविदा संबंधी शर्तों की जानकारी के लिए कार्यालय समय में कार्यालय में जानकारी प्राप्त कर सकते है।
3. निविदा अपलोड शुल्क 500 रूपये का डी.डी. MDRISL के नाम निविदा फार्म के साथ जमा करावें।

NIB-ZDA2122A0215
UBN-ZDA2122SSOB00943

(शिवचरण मीणा)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद दौसा

तीये की बैठक

अत्यन्त दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्यनीय माताजी

श्रीमती दमयन्ती माथुर

(धर्मपत्नी स्व.श्री वी.डी.माथुर) का स्वर्गवास दिनांक 24.11.21 को हो गया है। तीये की बैठक शुक्रवार दिनांक 26.11.21 को प्रातः 11.00 से 12.00 बजे, हमारे निवास स्थान रेजीडेन्सी रॉयल, भगत सिंह मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर में होगी।

शोकाकुल- संदीप-सुजाता दयाल (पुत्र-पुत्रवधु), प्रीति-राजकुमार, सुनीति-अतुल (बेटी-दामाद), अश्विन, इशान (पौत्र), सरस्वती दयाल, राघवेन्द्र दयाल, कमलकान्त, विजय, राजेन्द्र, जयदीप एवं जयेश (भतीजे) एवम् समस्त भगत निवास परिवार

विकास कार्यों के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी

पावटा, (निसं)। निकटवर्ती विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मेड की पिछले कई वर्षों से खस्ताहाल पडी मंडी रोड का अब कायाकल्प होगा। राज्य के कृषि विभाग ने विपणन बोर्ड को इसे सीसी सडक के रूप में परिवर्तित कर नई सडक बनाने का जिम्मा दिया है।

क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर की अनुशंसा पर स्वीकृत करीब 3 करोड 3 लाख 24 हजार रूपये के प्लान को स्वीकृति देते हुए वित्तीय स्वीकृति भी जारी कर दी है। जिसमें सीसी एवं इंटरनल रोड के लिए 1 करोड 96.80 लाख, बैंक बिल्डिंग निर्माण कार्य के लिए 36 लाख 35 हजार, लेबर शेड व सब यार्ड के लिए 10 लाख 46 हजार, सुविधाओं के लिए 9 लाख 44 हजार, चेक पोस्ट गेट और बाउंड्री के लिए 9 लाख 88 हजार, पेंटिंग रेपरिंग के लिए 11 लाख 33 हजार, भूमि समतलन व ग्रेवल वर्क के लिए 28 लाख 92 हजार की राशि की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

वहीं विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में दो नवीन सडकों के लिए एक करोड 84 लाख 20 हजार की वित्तीय स्वीकृति क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर की अनुशंसा पर जारी की।

जिसमें छापरा कलां से नाका वाली वाया शिव सहाय का ढेर स्कूल तक 2.15 किलोमीटर तक की सडक के लिए 97 लाख 20 हजार व बागावास चौरासी बागडी ढाणी से बडी की ढाणी शाहपुरा सीमा तक वाया जोडी की ढाणी, छाबडियो की ढाणी, घांघलो की ढाणी एवं कुमावतो की ढाणी 2.20 किलोमीटर तक की सडक के लिए 87 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी हुई।